25.08.2012

पत्रांक– 15/वी1-02/93

बिहार सरकार,

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

जितेन्द्र प्रसाद,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

कुलसचिव,
तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय,
भागलपुर।

पटना,दिनांक....................

विषयः– श्रीकृष्ण महाविद्यालय, लोहण्डा, सिकन्दरा (जमुई) को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक शैक्षणिक सत्र 2010–13 एवं 2011–14 के लिए अस्थायी नव संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–बी/1802 दिनांक 05.09.20[illegible] के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के अनुशंसा के आलोक में श्रीकृष्ण महाविद्यालय, लोहण्डा, सिकन्दरा (जमुई) को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के निम्नांकित विषयों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक शैक्षणिक सत्र 2010–13 एवं 2011–14 के लिए अस्थायी नव संबंधन प्रदान करने की कृपा की है:–

कला संकायः अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शन शास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण, समाज शास्त्र एवं प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति (अप्रायोगिक ग्यारह विषय)।

मनोविज्ञान, संगीत, गृह विज्ञान एवं भूगोल (प्रायोगिक चार विषय)।

विज्ञान संकायः– भौतिकी, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित। (पाँच विषय)

वाणिज्य संकायः–एकाउन्टस तथा कॉरपोरेट मैनेजमेंट ग्रुप के सभी अनिवार्य विषय।

2. उपरोक्त संबंधन विभागीय संकल्प संख्या–1846 दिनांक 21.11.2008 एवं 2495 दिनांक 13.08.2010 से आच्छादित होगा।